# गुप्त एवं गुप्तोत्तर काल

- गुप्तवंश ने .......... अवधि में शासन किया। **— 319-500 ई.**
- काशीप्रसाद जायसवाल ने किस ग्रंथ के आधार पर गुप्तों को शूद्र माना है? **— कीर्तिकौमुदी नाटक**
- गुप्त वंश का संस्थापक कौन था? **— श्रीगुप्त**
- गुप्त संवत की स्थापना किसने की? **— चन्द्रगुप्त - I**
- निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक ने सर्वप्रथम सिक्के जारी किए? **— चन्द्रगुप्त प्रथम ने**
- 'भारत का नेपोलियन' किसे कहा जाता है? **— समुद्रगुप्त**
- समुद्रगुप्त के प्रयाग प्रशस्ति वाले स्तंभ पर निम्नलिखित में से किसका लेख मिलता है? **— जहांगीर**
- प्रयाग प्रशस्ति किसके सैन्य अभियान के बारे में जानकारी देती है? **— समुद्रगुप्त**
- लिच्छवी दौहित्र किसे कहते थे? **— समुद्रगुप्त को**
- इलाहाबाद स्तंभ अभिलेख निम्नलिखित में से किस एक से संबद्ध है? **— समुद्रगुप्त**
- समुद्र गुप्त का समकालीन श्रीलंका का राजा था? **— मेघवर्ण**
- किस गुप्तकालीन शासक को कविराज कहा जाता है? **— समुद्रगुप्त**
- समुद्रगुप्त के समय 'काँची' का राजा कौन था? **— विष्णुगोप**
- चन्द्रगुप्त द्वितीय के नौ रत्नों में से कौन फलित ज्योतिष से संबंधित था? **— क्षपणक**
- कालिदास किसके शासनकाल में थे? **— चन्द्रगुप्त II**
- 'शक - विजेता' के नाम से किसे जाना जाता है? **— चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- प्रथम गुप्त शासक जिसने 'परम भागवत' की उपाधि धारण की वह था? **— चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- निम्ननिलिखत वक्तव्यों पर विचार कीजिए: कथन (A): गुजरात के शक क्षत्रप राजवंश पर विजय गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त II की सबसे बड़ी सफलता थी। कारण (R): इससे भूमध्य सागर के भारतीय व्यापार में गुप्तों को प्रवेश का मार्ग मिल गया होगा। उपर्युक्त वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है? कूट: **— (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है।**
- प्राचीन भारत के विख्यात चिकित्सक धनवंतरि ने अपना परामर्श किसके दरबार में दिया था? **— चन्द्रगुप्त (द्वितीय)**
- चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय पाशुपतों का एक प्रबल केन्द्र था? **— मथुरा में**
- रजत सिक्के जारी करने वाला प्रथम गुप्त शासक था? **— चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- निम्नलिखित में से किस गुप्त राजा का एक अन्य नाम देवगुप्त था? **— चन्द्रगुप्त द्वितीय**
- निम्नलिखित में से किस अभिलेख में कुमारगुप्त को 'शरदकालीन सूर्य की भाँति' बताया गया है? **— तुमैन अभिलेख**
- कुमारगुप्त के मन्दसौर अभिलेख में वर्णित श्रेणी संगठन का नाम था? **— तन्तुवाय**
- कुमारगुप्त के काल में लाट से दशपुर आने वाली श्रेणी, जिस वस्तु का व्यापार करती थी, वो? **— रेशमी कपड़ा था**
- नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) एवं दूसरे को कारण (R) कहा गया है: कथन (A): समुद्रगुप्त एवं कुमारगुप्त दोनों ने अश्वमेध प्रकार के सिक्के चलाये थे। कारण (R): दोनों ने ही अपने अभिलेखों में अश्वमेध यज्ञ के सम्पादन का उल्लेख नहीं किया था। उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है? कूट: **— (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का सही व्याख्या (R) नहीं है।**
- हूणों ने भारत पर आक्रमण किया था? **— स्कंदगुप्त के शासनकाल में**
- निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है? **— स्कन्दगुप्त की मृत्यु के साथ ही गुप्त साम्राज्य का अन्त हो गया।**
- बयाना निधि में समावेशित गुप्त शासकों के सिके? **— चन्द्रगुप्त प्रथम से स्कंदगुप्त तक**
- स्कन्दगुप्त के समय सौराष्ट्र का गोप्ता कौन था? **— पर्णदत्त**
- किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि स्कंदगुप्त ने हूणों को पराजित किया था? **— भितरी - स्तंभ लेख**
- गुप्त युग के बाद के विदेशी व्यापार पर इनमें से कौन

सा किसी भी तरह का परिणाम नहीं डालता है? — **कई दस्तकारियाँ पूरी तरह से विनष्ट हो चुकी थीं।**

- गुप्तकाल में उत्तर भारतीय व्यापार निम्नलिखित में से किस बंदरगाह से संचालित होता था? — **ताम्रलिप्ति**
- गुप्त साम्राज्य के पतन के विभिन्न कारण थे। निम्न-लिखित कथनों में कौनसा कारण नहीं था? — **अरब आक्रमण**
- निम्न में से किस काल में स्त्रियों की पुरुषों से बराबरी थी? — **गुप्तकाल**
- गुप्तकालीन शासन प्रणाली किस प्रकार की थी? — **राजतंत्रात्मक**
- गुप्त युग में भू-राजस्व की दर थी? — **उपज का छठा भाग**
- निम्नलिखित में से किस अभिलेख में 'महासामन्त' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है? — **वैन्यगुप्त और गुणैधर अभिलेख**
- निम्नलिखित में से कौन गुप्तकालीन में अपनी आयु-र्विज्ञान विषयक रचना के लिए जाना जाता है? — **सुश्रुत**
- कौनसा राजवंश हूणों के आक्रमण से अत्यंत विचलित हुआ? — **गुप्त**
- किस शासक वंश ने मंदिरों एवं ब्राह्मणों को सबसे अधिक ग्राम अनुदान में दिए? — **गुप्त वंश**
- गुप्त काल की मुद्राओं के विषय मे कौन-सा कथन असत्य है? — **गुजरात विजयोपरांत गुप्त शासकों ने स्थानीय विनिमय के लिए बड़ी संख्या में तांबे की मुद्रायें जारी की थी।**
- अजंता कलाकृतियाँ किससे संबंधित हैं? — **गुप्तकाल**
- गुप्तकाल में गुजरात, बंगाल, दक्कन एवं तमिल राष्ट्र में स्थित केन्द्र किससे संबंधित थे? — **वस्त्र उत्पादन**
- त्रिमूर्ति की अवधारणा का उदय हुआ? — **गुप्तकाल में**
- निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प असत्य है? — **वीरसेन - स्कंदगुप्त का सन्धि विग्रहिक**
- विशाखदत्त के प्राचीन भारतीय नाटक मुद्राराक्षस की विषय-वस्तु है? — **चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसंधियों के बारे में।**
- गुप्तकाल में लिखित संस्कृत नाटकों में स्त्री और शूद्र बोलते थे? — **प्राकृत**
- अधोलिखित में कौन गुप्तकालीन स्वर्ण मुद्रा है? — **दीनार**
- गुप्तकाल में प्रान्तपति किस नाम से जाने जाते थे? — **उपरिक महाराज**
- निम्न में किसका उल्लेख प्रयाग प्रशस्ति में नहीं है? — **चन्द्रगुप्त प्रथम ने समुद्रगुप्त को अपना उत्तराधिकारी नामित नहीं किया था।**
- गुप्त शासन के दौरान निम्नलिखित में से ऐसा व्यक्ति कौन था, जो एक महान् खगोल विज्ञानी तथा गणि-तज्ञ था? — **आर्यभट्ट**
- गुप्तकाल में किस धर्म का सबसे अधिक विकास हुआ? — **पौराणिक धर्म**
- गुप्तकाल में भुक्ति क्या थी? — **राज्य**
- एरण अभिलेख का संबंध किस शासक से है? — **भानुगुप्त**
- प्राचीन भारत में किस वंश का शासनकाल 'स्वर्ण युग' कहा जाता है? — **गुप्त**
- इनमें से कौन गुप्तकालीन स्थानीय नगर प्रशासन समिति के अधिकारी और सदस्य थे? — **सार्थवाह, प्रथम कुलिक, प्रथम कायस्थ**
- गुप्त साम्राज्य द्वारा निम्न में से किन्हें कर रहित कृषि प्रदान की जाती थी? — **ब्राह्मणों को**
- गुप्तकालीन रजत मुदाओं को नाम दिया था? — **रूपक**
- गुप्त शासकों द्वारा क्षत्रप राज्य की विजय के पश्चात् जारी किये गए सिक्कों का भार स्तर था? — **32 ग्रेन**
- कथन (A): प्राचीन भारत में सामंती व्यवस्था का अभ्युदय सैनिक अभियानों में देखा जा सकता है। कथन (R): गुप्त काल में सामंती व्यवस्था का पर्याप्त विस्तार हुआ था। — **(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**
- नगरों का क्रमिक पतन किस काल की एक महत्व-पूर्ण विशेषता थी? — **गुप्तकाल**
- गुप्त राजवंश के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
- कुमारामात्य सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी थे तथा घरेलू प्रान्तों में वे राजा द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियुक्त किए जाते थे।
- गाँव के मुखिया का महत्व खत्म हो गया तथा उसकी सहमति के बिना भूमि का लेन-देन शुरु हो गया। — **केवल 1**

- शूद्रक द्वारा लिखी हुई प्राचीन भारतीय पुस्तक 'मृच्छकटिकम्' का विषय था? — **एक धनी व्यापारी और एक गणिका की पुत्री की प्रेम गाथा**
- तोरमाण किस जातीय दल का था? — **हूण**
- निम्नलिखित में से किसने हूण शासक मिहिरकुल को पराजित किया था? — **यशोधर्मन**
- ईसा की तीसरी शताब्दी से, जब हूण आक्रमण से रोमन साम्राज्य समाप्त हो गया, भारतीय व्यापारी अधिकाधिक निर्भर हो गए? — **दक्षिण-पूर्व एशियाई व्यापार पर**
- हर्ष के साम्राज्य की राजधानी थी? — **कन्नौज**
- सम्राट हर्ष ने अपनी राजधानी थानेश्वर से कहां स्थानांतरित की थी? — **कन्नौज**
- हर्षवर्धन के शासनकाल में किस चीनी यात्री ने भारत की यात्रा की थी? — **ह्वेनसांग**
- हर्ष के समय की सूचनाएँ किसकी पुस्तकों में निहित हैं? — **कल्हण**
- निम्नलिखित शासकों में से किसने हर्षवर्धन को पराजित किया था? — **पुलेकिशन द्वितीय**
- नर्मदा नदी पर सम्राट हर्ष के दक्षिणावर्ती अग्रगमन को रोका? — **पुलकेशिन II ने**
- उत्तर प्रदेश में स्थित वह स्थल जहाँ हर्षवर्धन ने बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन किया था? — **प्रयाग**
- 'हर्षचरित' नामक पुस्तक किसने लिखी? — **बाणभट्ट**
- निम्नलिखित में से किसे 'नागर महोदय श्री' के नाम से जाना जाता था? — **कन्नौज**
- गुप्तोत्तर युग में प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था? — **कनौज**
- हिरण्य कर था? — **कृषि कर**
- आज भी भारत में ह्वेनसांग को याद करने का मुख्य कारण है? — **सी-यु-की की रचना**
- चीनी यात्री जिसने भीनमाल की यात्रा की थी? — **ह्वेनसांग**
- ह्वेनसांग की भारत में यात्रा के समय सूती कपड़ों के उत्पादन के लिए सबसे प्रसिद्ध नगर था? — **मथुरा**
- 'सी-यू-की' नामक यात्रा विवरण निम्नलिखित में से किससे जुड़ा है? — **ह्वेनसांग**
- चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था? — **नालंदा**
- प्राचीन भारत में सिंचाई कर को कहते थे? — **बिदकभागम**
- भारत ने दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ अपने आरंभिक सांस्कृतिक संपर्क तथा व्यापारिक संबंध बंगाल की खाड़ी के पार बना रखे थे। निम्नलिखित में से कौनसी बंगाल की खाड़ी के इस उत्कृष्ट आरंभिक समुद्री इतिहास की सबसे विश्वसनीय व्याख्या/व्याख्याएँ हो सकती है/हैं? — **बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं ने व्यापारियों, ब्राह्मण को सुगम बना दिया था**
- निम्नलिखित में से कौन प्रभावती गुप्ता की माता थी? — **कुबेरनगा**
- 'ध्रुवाधिकरणिक का क्या अभिप्राय है?' — **धान्य में राजा के अंश का संग्रह करने वाला अधिकारी**
- भारत में सबसे प्राचीन विहार है? — **नालंदा**
- धर्मशास्त्रों में भू-राजस्वों की दर क्या है? — **1/6**
- नालंदा कहाँ पर स्थित है? — **बिहार**
- दिल्ली की कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के प्रांगण में उन्नत प्रसिद्ध लौह स्तंभ किसकी स्मृति में बनाया गया? — **चंद्र**
- सती प्रथा का प्रथम अभिलेखीय साक्ष्य प्राप्त हुआ है? — **एरण से**
- कथन (A): सामंतवाद का विकास गुप्तोत्तर काल की कृषक-संरचना की प्रमुख विशेषता थी। कारण (R): इस काल में भू-स्वामी मध्यस्थ वर्ग एवं आश्रित कृषक वर्ग अस्तिव में आया।— **(A) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही स्पष्टीकरण है (A) का।**
- तीसरी शताब्दी में वारंगल प्रसिद्ध था? — **लोहे के यंत्रों/उपकरणों हेतु**
- पुलेकिशन -II का बादामी शिलालेख शक वर्ष 465 का दिनांकित है। यदि इसे विक्रम संवत् में दिनांकित करना हो तो वर्ष होगा? — **601**
- चीनी यात्री इत्सिंग ने बिहार का भ्रमण किया, लगभग? — **उपर्युक्त में से कोई नहीं**
- निम्नलिखित में से कौनसा 'चारधाम' में सम्मिलित नहीं है? — **मानसरोवर**
- हिन्दू विधि द्वारा मान्य कर कितना था? — **उपज का छठवां भाग**
- कहा जाता है कि शतरंज का खेल उद्भूत हुआ था? — **भारत में**
- अजंता की चित्रकारी में क्या निरूपित किया गया है? — **जातक**

- निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए: कथन (A): मिताक्षरा के अनुसार पिता अपने जीवन काल में अपने पुत्रों के मध्य अपनी सम्पत्ति का बँटवारा कर सकता था। कारण (R): मिताक्षरा ने पैतृक सम्पत्ति में पुत्र का जन्मना स्वत्व स्वीकार नहीं किया। — **(A) सही है लेकिन (R) गलत है।**
- एक चालुक्य अभिलेख की तिथि अंकन में शक संवत् का वर्ष 556 दिया हुआ है। इसका तुल्य वर्ष है? — **634 ई.**
- 'जब तक जीवित रहो, सुख से जीवित रहो, चाहे इसके लिए ऋण ही लेना पड़े, क्योंकि शरीर के भस्मीभूत हो जाने पर पुनरागमन नहीं हो सकता' पुनर्जन्म का निषेध करने वाली यह उक्ति किसकी है? — **चार्वाकों की**
- निम्नलिखित जोड़ों में कौन जोड़ा सुमेलित नहीं है? — **हरिषेण - हर्ष**
- मौखरि शासकों की राजधानी......... थी? — **कन्नौज**
- पुराणों के अनुसार, चन्द्रवंशीय शासकों का मूल स्थान था? — **प्रतिष्ठानपुर**
- 'कौशेय' शब्द का प्रयोग किया गया? — **रेशम के लिए**
- 'सेतुबंध' का रचनाकार प्रवरसेन II किस वंश का शासक था? — **वाकाटक**
- निम्नलिखित में से किसका प्राचीन भारत के आयुर्वेद शास्त्र से संबंध नहीं है? — **भास्कराचार्य**
- निम्नलिखित शासकों में से किस एक ने चार अश्वमेध यज्ञों का संपादन किया था? — **प्रवरसेन प्रथम**
- निम्नलिखित में से अद्वैत वेदांत के अनुसार, किसके द्वारा मुक्ति प्राप्त की जा सकती है? — **ज्ञान**
- निम्नलिखित में से कौन 'मनुस्मृति' पर लिखी गई अपनी टीका के लिए प्रसिद्ध है? — **मेघातिथि**
- आदिशंकर जो बाद में शंकराचार्य बने, उनका जन्म हुआ था? — **केरल में**
- निम्न में से किसका संबंध 'वेदांत दर्शन' के साथ नहीं है? — **अभिवन गुप्त**
- निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक भारतीय षड्द-र्शन का भाग नहीं है?— **लोकायत और कपालिक**
- 'मैंने खगोलशास्त्रीय सिद्धांत के गहरे समुद्र में गोता लगाया एवं सत्य ज्ञान से डूबे रत्न को अपनी बौद्धिकता की नाव से उबारा।' यह कथन किसका है? — **आर्यभट्ट**
- निम्नलिखित कथन में से कौनसा आठवीं शताब्दी के संत शंकराचार्य के बारे में सही नहीं है? — **उन्होंने प्रयाग को तीर्थराज नाम दिया**
- आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार मठ कहां स्थित हैं? — **जोशीमठ, द्वारका, पुरी, शृंगेरी**